C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 235 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 17 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## IAS चयन प्रक्रिया पर सियासी घमासान, गहलोत ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

## 'पसंदीदा चेहरों' को आगे बढ़ाने के लिए फाइलें रोकी गईं: पूर्व मुख्यमंत्री

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में अन्य सेवा (Non-SCS) से भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में पदोन्नति की प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर चयन प्रक्रिया में जानबूझकर देरी करने और पारदर्शिता से समझौता कर 'पसंदीदा' अधिकारियों को लाभ पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है।

गहलोत ने एक्स के जरिए सरकार की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन(UPSC) बोर्ड और केंद्र सरकार योग्य नामों पर अपनी सहमति दे चुके हैं, तो पिछले एक माह से मुख्यमंत्री कार्यालय में फाइलें लंबित क्यों रखी गई हैं? उन्होंने इस देरी को प्रशासनिक ढांचे के लिए चिंताजनक बताते हुए इसे संस्थागत गरिमा के विरुद्ध करार दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया को लेकर सार्वजनिक स्तर पर चर्चाएं हैं कि कुछ अधिकारियों की निकटता और रिश्तों को प्राथमिकता दी जा रही है। उनके अनुसार योग्यता के बजाय राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत पसंद को तरजीह देने की कोशिश हो रही है, जिससे सरकारी तंत्र की साख प्रभावित हो सकती है।



गहलोत ने राज्य सरकार से मांग की कि प्रशासनिक नियुक्तियों में योग्यता और पारदर्शिता को ही एकमात्र आधार बनाया जाए। उन्होंने फाइलों पर लगे 'होल्ड' को तुरंत हटाकर पदोन्नतियां जारी करने और प्रशासनिक ढांचे को राजनीति से मुक्त रखने की अपील की। अपने बयान के अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो प्रशासनिक निष्पक्षता पर जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है।

## मजदूर की मौत पर ग्रामीणों का धरना, समझौते के बाद हुआ मामला शांत



**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़ ।**

**(अनिल डांगी)।** क्षेत्र के बिलिया कलां के पास स्थित संगम इंडिया लिमिटेड की डेनिम यूनिट में कार्यरत बिलिया कलां निवासी विनोद गुर्जर पुत्र छोटू गुर्जर की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना में ड्यूटी के समय अचानक उसकी तबीयत खराब हुई और उल्टियां होने लगीं। सूचना मिलते ही परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे उदयपुर रेफर किया गया। उदयपुर में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मजदूर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने संगम ग्रुप प्रबंधन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना पर हमीरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच वार्ता करवाई। लंबी बातचीत के बाद समझौता तय हुआ, जिसके तहत मृतक के परिवार को प्रतिमाह 12 हजार रुपए की सहायता राशि देने और एक सदस्य को नौकरी देने पर सहमति बनी।

समझौते के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग ग्रामीण मौजूद रहे।

## नाकाबंदी तोड़ भाग रहे तस्करों पर पुलिस का एक्शन, 150 किलो डोडा चूरा जब्त

### फिल्मी अंदाज़ में घेराबंदी, टायर पर फायर कर पकड़ी कार






**भीलवाड़ा फोकस @कोटा।**

**गर्वित ।** कोटा ग्रामीण पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फिल्मी अंदाज़ में दो तस्करों को दबोच लिया। सिमलिया थाना क्षेत्र में हा-27 (कोटा-बारां हाईवे) पर नाकाबंदी तोड़कर भागने की कोशिश कर रहे आरोपियों की कार को पुलिस ने घेराबंदी कर रोका और तलाशी में 150 किलो डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने भागती कार को रोकने के लिए टायर पर फायर भी किया।





घटना सोमवार सुबह करीब 8 बजे की है। पुलिस टीम ने टोल प्लाजा के पास नियमित जांच के तहत नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान बारां की ओर से तेज रफ्तार लग्जरी कार आती दिखाई दी। पुलिस संकेत के बावजूद चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और बैरिकेड तोड़कर निकलने की कोशिश की।

स्थिति को भांपते हुए पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कार का पीछा किया और चारों ओर से घेर लिया। आरोपियों ने कार छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने मुस्तैदी से दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी में कार से 150 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नशे की यह खेप बारां के रास्ते पंजाब ले जाई जा रही थी।

कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहां मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## सलावटिया-तिलस्वां मार्ग पर टेम्पो पलटा, लगा जाम



**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया ।**

**विकास जैन** तिलस्वां मार्ग पर इन्द्रपुरा के पास सोमवार को फ्लेक्स की पाइपों से भरा एक टेम्पो असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेम्पो अचानक संतुलन खो बैठा, जिससे उसमें भरी फ्लेक्स की पाइपें सड़क पर फैल गईं।

सूचना मिलने पर कास्या चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायल टेम्पो चालक शाहरुख खान पिता हारून

उम्र 26 निवासी बावनपूर मेरठ को अस्पताल पंहुचाया , चालक को मामूली चोटें आई है । पुलिसकर्मियों ने सड़क पर बिखरी पाइपों को हटवाकर टेम्पो को बीच सड़क से साइड करवाया और जाम खुलवाया। इस दौरान कास्या चौकी से शिवपाल और हेमाराम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। ।

## युवक के सिर पर ईंट से हमला, गंभीर चोट के बाद आए टांके

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** थाना क्षेत्र के चौधरियास गांव में निर्माण कार्य के दौरान एक युवक पर ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे अस्पताल में उपचार कराना पड़ा।



शिवनाथ पुत्र खाना नाथ निवासी चौधरियास ने बड़लियास थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया की उसके घर पर निर्माण कार्य चल रहा था और वह अपनी पत्नी विमला के साथ ईंट-सीमेंट का काम कर रहा था। इसी दौरान फोरु नाथ उसके घर पहुंचा और बिना कुछ कहे उसके सिर पर ईंट फेंक दी, जिससे उसे गंभीर चोट लगी। आरोप है कि फोरु नाथ की मां ने भी उसका साथ दिया।

घायल शिवनाथ को बड़लियास चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां उसके सिर में टांके लगाए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर घायल

### दो माह बाद होने थी शादी, इससे पहले मौत बनकर आया हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

दांथल-भीलवाड़ा रोड पर हलेड़ गांव के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।





सदर थाने के दीवान जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि हलेड़ गांव के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गेंदलिया निवासी प्रहलाद पुत्र गोदू रेगर (18) , रेण निवासी प्रभु पुत्र रामलाल बैरवा (20) तथा राधेश्याम पिता नारायण (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रहलाद रेगर को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रभु लाल एवं राधेश्याम की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिले के एक निजी चिकित्सालय में रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक कैटरिंग का कार्य करते थे और सुबह बाइक से भीलवाड़ा कैटरिंग का काम करने के लिए निकले थे। इसी दौरान हलेड़ गांव के पास यह हादसा हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**मातम में बदली शादी की खुशियां, परिवार का सहारा था प्रहलाद**

इस हादसे ने एक परिवार की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। प्रहलाद की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से परिवार को संभाला और ढांढस बंधाया।

मृतक प्रहलाद की शादी आगामी अप्रैल माह में होने वाली थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और माता-पिता अपने बेटे को दूल्हा बनते देखने के सपने सजा रहे थे। लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने उन सपनों को चकनाचूर कर दिया। प्रहलाद परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और उसी के सहारे घर का पालन-पोषण हो रहा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## रोडवेज बस स्टैंड से 1 किलो 43 ग्राम अफीम जब्त, 16 लाख नकदी सहित एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुभाषनगर थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 43 ग्राम अफीम और 16 लाख रुपये नकद जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी प्रभाती लाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 16 फरवरी को मुखबिर सूचना पर डीएसटी टीम और सुभाषनगर थाना पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जाखड़ो की ढाणी, नारवा सुरसागर, जोधपुर निवासी 69 वर्षीय देराम चौधरी के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से 1 किलो 43 ग्राम अवैध अफीम और 16 लाख रुपये नकद बरामद हुए।

पुलिस ने मादक पदार्थ और रकम जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिना लाइसेंस-परमिट अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जाँच शुरू की ।

कार्रवाई में डीएसटी टीम एवं थाना सुभाषनगर के पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

C M Y K

# बोर्डियास में चोरी: खिड़की तोड़ घर में घुसे बदमाश, सोना-चांदी व नकदी पार

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। सवाईपुर क्षेत्र के बोर्डियास गांव में रविवार रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाश खिड़की तोड़कर घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़ उसमें रखे गहने व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

चौकी एएसआई प्यारचंद खटीक ने बताया कि बोर्डियास निवासी किशन पुत्र भगवान सिंह रावणा राजपूत के घर रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की। चोर कमरे की खिड़की तोड़कर भीतर दाखिल हुए और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा करीब एक तोला सोना, एक किलो चांदी के आभूषण तथा 15 हजार रुपये की नकदी चुरा ले गए।

घटना के बाद परिवार को चोरी का पता चला, जिस पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सवाईपुर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर सुराग जुटाने में लगी हुई है।

# विधानसभा में गूंजी मांडलगढ़ की आवाज

## विधायक खंडेलवाल ने किले संरक्षण, कोर्ट स्थापना और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की उठाई मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




कपिल श्याम विजय । राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण और जन-सुविधाओं के विस्तार को लेकर जोरदार तरीके से मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि मांडलगढ़ का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए।

विधायक ने विश्व प्रसिद्ध माण्डलगढ़ फोर्ट के जीर्णोद्धार, तोपखाना, कचहरी व रामद्वारा की मरम्मत, संग्रहालय निर्माण तथा सागर-सागरी बावड़ी के संरक्षण की मांग की। साथ ही महाराणा सांगा और महाराणा प्रताप के स्मारक निर्माण का प्रस्ताव रखा। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सिंगोली स्थित चारभुजा नाथ मंदिर के विकास कार्य को प्राथमिकता देने की बात कही।

प्रशासनिक विस्तार के तहत मांडलगढ़ में एडीजे कोर्ट की स्थापना और बड़लियास उप-तहसील को पूर्ण तहसील में क्रमोन्नत करने की मांग उठाई गई। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए नंदराय और बरूंधनी पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड करने तथा अन्य ककरोलिया घाटी, मोहनपुरा, गेंदलिया, मंशा, गेहूली, को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया जाए । रोजगार और खनन नीति हेतु युवाओं के रोजगार के लिए सेंडस्टोन खनन क्षेत्र में सिंचित क्षेत्र में आवंटन हेतु नीति बनाने की मांग की जिससे अवैध खनन रुके और स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु मानपुरा में सहायक अभियंता कार्यालय खोलने तथा आरोली व श्रीनगर में 33 केवी जीएसएस स्थापित करने की मांग भी सदन में रखी। विधायक शर्मा ने राज्य के 6,10,956 करोड़ के बजट का समर्थन करते हुए कृषि क्षेत्र के लिए 25,000 करोड़ के प्रावधान और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि को 12,000 करने को ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने मांडलगढ़ और बिजौलिया को जिला अस्पताल की सौगात देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह बजट मांडलगढ़ सहित पूरे राजस्थान को विकास की नई दिशा देगा।

# दिनदहाड़े किशोर को जिंदा जलाने की कोशिश का मामला, पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

## शक में की गई वारदात, लोहे की रॉड बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

रमेश गुर्जर। थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े 16 वर्षीय किशोर पर कातिलाना हमला कर उसे पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने की कोशिश किए जाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है।

पुलिस ने बताया कि फतेहपुर निवासी 16 वर्षीय गिलूराम बंजारा 6 फरवरी को मंडोल बांध गांव गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एक परिवार को गलतफहमी हो गई कि किशोर उनकी पुत्री से मिलने आया है। इसी शक के चलते तीनों आरोपितों ने उसे घेर लिया और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावरों ने उसकी बाइक से पेट्रोल निकाला और उसे आग के हवाले कर दिया। आग की चपेट में आने से गिलूराम करीब 30 प्रतिशत तक झुलस गया, जबकि उसकी मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटनास्थल पर मची अफरा-तफरी के बीच घायल किशोर को तुरंत उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद गिलूराम के चाचा मदनलाल बंजारा की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साक्ष्यों के आधार पर जलेरी नयानगर हाल मंडोल बांध निवासी अजय कुमार पुत्र जगदीश बंजारा, मंडोल बांध निवासी गोपाल पुत्र भवाना बंजारा तथा उसके पुत्र राजेश बंजारा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद हमले में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है।

तीनों आरोपितों को अदालत में पेश कर दिया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# तिलस्वा महादेव में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़, झूलों और दुकानों पर उमंग





भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा ।



प्रेम शंकर धाकड़ । प्रसिद्ध शिवधाम तिलस्वा महादेव मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है । मंदिर में सोमवार को सुबह मंगला आरती के साथ ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई, जो देर शाम तक निरंतर जारी रही। हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने शिवलिंग के दर्शन कर जलाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर परिसर में दिनभर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के कई शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुंचे।

मंदिर दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मेला ग्राउंड पर आयोजित पारंपरिक मेले का भी भरपूर आनंद लिया। मेले में चकरी, नाव, बड़े झूले और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजन साधन आकर्षण का केंद्र बने रहे। युवाओं और बच्चों में झूलों को लेकर खास उत्साह देखा गया। वहीं क्रॉकरी, चूड़ियां, कपड़े, खिलौने, पूजा सामग्री एवं स्थानीय हस्तशिल्प की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रही। ग्रामीण व्यंजनों और मिठाइयों की खुशबू से भी मेला परिसर महक उठा।

मंदिर ट्रस्ट एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए। इस दौरान तिलस्वा महादेव मित्र मंडली के स्वयंसेवकों द्वारा दर्शन एवं श्रद्धालुओं की व्यवस्था में भी सहयोग किया गया । इस दौरान रणजीत, भवानी शंकर , लादूलाल , राजेन्द्र , महेश , नरेश , बबलू, हिम्मत , हरीश , मनीष सहित कई लोगो का सहयोग रहा ।

# 22 फरवरी को कमोल में शीतल सोलंकी लेंगी दीक्षा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



रागी से वैरागी और अब वितरागी जीवन की ओर अग्रसर मुमुक्षु शीतल चंदन सोलंकी 22 फरवरी (रविवार) को कमोल (उदयपुर) में गुरु भगवंतों की निश्रा में दीक्षा अंगीकार करेंगी। वे दक्षिण चंद्रिका महासाध्वी संयम लता म.सा. की निश्रा में संयम पथ पर अग्रसर होंगी।

बोइसर (मुंबई) जन्मी शीतल सोलंकी बीकॉम शिक्षित हैं और पिछले 11 वर्षों से वैराग्य काल में रहकर धार्मिक साधना, तप एवं पदयात्रा कर रही हैं। उन्होंने विभिन्न जैन आगमों का अध्ययन, अनेक तप तथा करीब 7000 किलोमीटर की पदयात्रा की है।

दीक्षा महोत्सव के तहत 18 से 22 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। 22 फरवरी को प्रातः वृहद थाल एवं गृह त्याग के पश्चात दोपहर में आचार्य मंडल द्वारा दीक्षा प्रदान की जाएगी। समारोह में विभिन्न प्रांतों से हजारों श्रावक-श्राविकाओं के शामिल होने की संभावना है।

# गौसेवा की अनूठी पहल: गौ-रक्षा एम्बुलेंस भेंट, 5 लाख की सहयोग राशि भी दी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



गौसेवा एवं गौ-रक्षा के संकल्प को सशक्त करते हुए हरि शेवा उदासीन आश्रम की ओर से श्री दादूदयाल गौशाला समिति को एक महिंद्रा केम्पर गौ-रक्षा वाहन एम्बुलेंस भेंट किया गया। यह वाहन राजस्थान के निवाई कस्बे में बॉली रोड स्थित झरण्या गौशाला के लिए समर्पित किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को भीलवाड़ा स्थित आश्रम परिसर में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना कर वाहन को गोवंश सेवा के लिए समर्पित किया गया। जनजागरूकता के उद्देश्य से गौमाता के दो बछड़ों को वाहन में बिठाकर नगर भ्रमण भी कराया गया। वाहन की पूजा-पाठ पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न कराई गई।

उल्लेखनीय है कि श्री दादूदयाल गौशाला समिति का संचालन गौ ऋषि संत प्रकाश दास महाराज के संरक्षण में किया जा रहा है। यह गौ-रक्षा वाहन देशभर में भ्रमण कर गौसेवा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ आमजन को जागरूक करेगा। साथ ही, मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को त्वरित सहायता उपलब्ध कराकर निकटतम पशु चिकित्सालय तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने समिति को 5 लाख रुपये की सहयोग राशि का चेक भी सौंपा। इसमें से 2 लाख रुपये वाहन के डीजल व्यय हेतु तथा 3 लाख रुपये हंसगंगा हरि शेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वाहन के सारथी एवं सेवाधार के मानदेय के लिए प्रदान किए गए।

महामंडलेश्वर ने आशा व्यक्त की कि यह पहल न केवल गौवंश की रक्षा और सेवा को मजबूती देगी, बल्कि समाज में करुणा, संवेदना और सेवा भाव को भी नई दिशा प्रदान करेगी। आश्रम की यह प्रेरक पहल गौसेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में संत गोविंदराम, संत प्रकाशानंद, संत हरबान दास, ब्रह्मचारी इन्द्रदेव सहित अनेक गणमान्यजन, समाजसेवी एवं हंसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल तथा सनातन सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा नेता विनोद झुरानी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा :



राजस्थान विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से भाजपा नेता विनोद झुरानी ने शिष्टाचार भेंट कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की तथा भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले सनातन मंगल महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

भाजपा नेता झुरानी ने राजस्थान विधानसभा पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान दोनों के बीच सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। झुरानी ने विधानसभा की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की तथा सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया।

मुलाकात के दौरान झुरानी ने भीलवाड़ा में हरिशेवा के तहत आयोजित होने वाले सनातन मंगल महोत्सव की रूपरेखा से अवगत कराया और कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने भीलवाड़ा से अपने विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया।



QUICK BITES

## श्रीनगर विद्यालय में हुआ नि:शुल्क साइकिल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।




क्षेत्र के श्रीनगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर में राजस्थान सरकार की ओर से निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई, जिससे उनमें खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता प्रशासक रामलाल भील ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापत उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शर्मा ने अपने संबोधन में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि छात्राओं को निशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने से उनकी शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यालय में हाल ही में डीएमएफटी से स्वीकृत कमरों के लिए विधायक गोपाल खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में संस्था प्रधान नटवर खटीक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर हिम्मत सिंह शक्तावत, बनवारी शर्मा, शंकरलाल प्रजापत, देवालाल मीणा, एलडीसी पंकज मीणा सहित विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## चंवरा के बालाजी में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चंवरा के बालाजी में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भजन-कीर्तन से भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:15 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ से हुई। सुंदरकांड के दौरान भक्तजन भक्ति रस में सराबोर नजर आए और राम नाम के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा।

इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे महाआरती आयोजित की गई। महाआरती के बाद भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।

आयोजनकर्ता सांवरिया सेठ मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# भीलवाड़ा में जनगणना-2027 हेतु नियमित सहायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



16वीं राष्ट्रीय जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में नियुक्त नियमित सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. सोनल राज कोठारी ने किया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से नियुक्त नियमित सहायक उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सोनल राज कोठारी ने कहा कि जनगणना किसी भी देश के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक विकास की मजबूत आधारशिला होती है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकारी योजनाओं के निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे आंकड़ों की शुद्धता, पारदर्शिता और त्वरित विश्लेषण संभव हो सकेगा। साथ ही पहली बार देश में स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत कोई भी भारत का निवासी 1 मई से 15 मई तक स्वयं अपनी मकान सूचीकरण संबंधी जानकारी भरकर एसई कोड संख्या प्राप्त कर सकेगा।

### डिजिटल प्रणाली पर विशेष जोर

प्रशिक्षण सत्र में जनगणना कार्य निदेशालय, जयपुर से आए मास्टर ट्रेनर श्री एस.एन. कुमावत एवं श्री अंकित कुमार गुप्ता ने ष्ट्रस्ूस्ह्य पोर्टल के माध्यम से गहन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पोर्टल की संरचना, विभिन्न मॉड्यूल, यूज़र मैनेजमेंट एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों को ष्ट्रस्ूस्ह्य डैशबोर्ड के उपयोग, रिपोर्ट देखने की प्रक्रिया, फील्ड स्तर से प्राप्त डाटा की निगरानी और सत्यापन की तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही डाटा सुरक्षा, गोपनीयता और त्रुटि सुधार की प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई।

### मकान सूचीकरण पर विस्तार से चर्चा

प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन को जनगणना का महत्वपूर्ण चरण बताते हुए इसकी अवधारणा, उद्देश्य और उपयोगिता पर चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर्स ने मकान सूचीकरण के दौरान पूछे जाने वाले 34 प्रश्नों की क्रमवार जानकारी दी तथा प्रत्येक प्रश्न की प्रविष्टि की विधि उदाहरणों के माध्यम से समझाई।

इसके अलावा पर्यवेक्षक की भूमिका, प्रगणक के साथ समन्वय, फील्ड निरीक्षण, डाटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं त्रुटियों की पहचान व सुधार की प्रक्रिया पर भी विशेष मार्गदर्शन दिया गया।

### तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान

प्रशिक्षण के अंतिम चरण में नियमित सहायकों को ष्ट्रस्ूस्ह्य पोर्टल पर पंजीकरण, लॉग-इन प्रक्रिया, पासवर्ड प्रबंधन, मोबाइल/टैबलेट के माध्यम से कार्य संचालन एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सहायकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण के बाद जिले में जनगणना-2027 का कार्य निर्धारित समयसीमा में सटीक, पारदर्शी और सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा।

# तीन माह से वेतन बकाया: नर्सिंग स्टाफ का 181 हेल्पलाइन घेराव, 200 से अधिक शिकायतें दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



प्रतीकात्मक इमेज

महात्मा गांधी चिकित्सालय में पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने से नाराज नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ ने आंदोलन तेज कर दिया है। सोमवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विरोध का नया तरीका अपनाते हुए राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का प्रतीकात्मक घेराव किया और एक साथ 200 से अधिक शिकायतें दर्ज कराकर अपनी आवाज मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचाने की कोशिश की।

एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज ने बताया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा वेतन भुगतान में लगातार देरी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। इसी के चलते सैकड़ों कर्मचारियों ने सोमवार को 181 पर कॉल कर अपनी समस्याएं दर्ज कराई, जिससे चिकित्सा विभाग में हलचल मच गई। दरअसल, राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महात्मा गांधी चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग, पैरामेडिकल और अन्य विभागों के कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। वेतन के अभाव में कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कई कर्मियों को घर खर्च, राशन, दूध, सब्जी और बैंक ऋण की किस्तें चुकाने के लिए भारी ब्याज पर उधार लेना पड़ रहा है। हाल ही में एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज और शहर अध्यक्ष लाल सिंह राठौड़ ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ को ज्ञापन सौंपते हुए इसे श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन बताया था और शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की थी।

इस विरोध अभियान के दौरान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुनील पोरवाल, सिराज खान, राजेश जोशी, रेहान अंसारी, हितेश लखारा, रामजस चौधरी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शिकायतों और वार्ताओं के बावजूद वेतन जारी नहीं किया गया, तो कर्मचारी कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। साथ ही आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन या कार्य बहिष्कार भी किया जा सकता है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी चिकित्सा विभाग और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## त्रिवेणी संगम पर सोरत मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बीगोद में आज से तीन दिवसीय मेला





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

महाशिवरात्रि के उपलक्ष में सोमवार को त्रिवेणी संगम पर एक दिवसीय सोरत मेले का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। मेले में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वही मंगलवार से बीगोद में तीन दिवसीय सोरत मेला प्रारंभ होगा। त्रिवेणी संगम पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अभिषेक किया। मेले में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने जमकर खरीदारी की तथा डोलर और चकरी जैसे झूलों का आनंद लिया। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों और मनोरंजन के साधनों पर दिनभर रौनक बनी रही। व्यवस्था की दृष्टि से नदी तट के दोनों ओर प्रशासन द्वारा बैरिकेड्स लगाए गए। सुरक्षा के लिए पुलिस जवानों के साथ गोताखोरों की टीम भी तैनात रही।

मेले के दौरान मांडलगढ़ तहसीलदार बसंती लाल पांडे, नगर पालिका बीगोद के अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल, नगर पालिका कर्मचारी, सरपंच हरजी रेबारी मुकुंदपुरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। चिकित्सा व्यवस्था हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी छोटूलाल रेगर, डॉ. विष्णु कुमार मीणा, नर्सिंग ऑफिसर भेरूलाल, रेखा बेरवा एन.एम. तथा बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान मय जाब्ते के साथ तैनात रहे।

## शिव महोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भव्य शोभायात्रा में भक्तों ने लिया भोलेनाथ का आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



शिव महोत्सव के पावन अवसर पर सोमवार को नगर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गोपालेश्वर महादेव मंदिर से शाम 4:30 बजे भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

शोभायात्रा का नजारा अत्यंत मनमोहक था। रंग-बिरंगी रोशनी से सजी छतरियां और बैंड-बाजों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया। शिव-पार्वती की आकर्षक झांकी के साथ निकली इस यात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह भव्य शोभायात्रा गोपालेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वर्णकार समाज शिव मंदिर, लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर, सहित विभिन्न मंदिरों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची। यात्रा के दौरान नगर के प्रमुख मंदिरों पर भगवान भोलेनाथ की विशेष आरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। महाआरती और छप्पन भोग के साथ समापन महोत्सव का विधि-विधान से समापन महाआरती और छप्पन भोग के साथ किया गया । मंदिर समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने भगवान को चढ़ाए गए छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया । भक्ति भाव से ओत-प्रोत इस आयोजन ने पूरे आसींद नगर को शिव भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

# महाशिवरात्रि पर सवाईपुर क्षेत्र के शिवालयों में गूंजे भजन, हुआ रात्रि जागरण

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

महाशिवरात्रि पर्व पर सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिवालयों पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। क्षेत्रभर में रात्रि जागरण, भजन संध्या और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की।

सवाईपुर, सोपुरा, ढेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, सालरिया, चावंडिया, ककरोलिया माफी, लसाड़िया, रेड़वास, रघुनाथपुरा, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा व खरेड़ सहित कई गांवों के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आंक, धतूरा, बिल्वपत्र व फूलों से विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की।

रविवार रात्रि को बनकाखेड़ा में सिवाड़ा के सगस जी के यहां शिवालय पर भव्य रात्रि जागरण आयोजित हुआ, जिसमें पोखर सिंह राजपुरोहित (जोधपुर) एवं सांवर वैष्णव (ढेलाणा) ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दीं। ढेलाणा में शिवालय पर बगड़ावत कथा का



आयोजन किया गया, वहीं सवाईपुर के जूना गांव महादेव जी मंदिर में भी रात्रि जागरण आयोजित कर श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान शिव की आराधना की।

# जहाजपुर में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की मांग विधानसभा में उठी

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

राजस्थान विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा ने क्षेत्र में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ऐसे विद्यालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आदिवासी समाज के बच्चों को बेहतर संसाधन और उच्च स्तरीय शिक्षण व्यवस्था




मिल सके। सदन में जवाब देते हुए जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि सदस्य की चिंता वाजिब है। उन्होंने बताया कि एकलव्य मॉडल स्कूल उच्च गुणवत्ता वाले विद्यालय होते हैं, जिनका उद्देश्य जनजातीय बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के निर्धारित मापदंडों के अनुसार विद्यालय की स्थापना के लिए संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 20 हजार जनसंख्या तथा 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी होना अनिवार्य है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस संबंध में शीघ्र ही केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

# टीपीएफ का निःशुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट मेडिकल शिविर संपन्न, 105 मरीजों ने लिया लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, लायंस क्लब स्टार एवं भारत विकास परिषद गंगापुर के संयुक्त तत्वावधान में गंगापुर की सोहेस्ती वाटिका में एक विशाल निःशुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अरिहंत हॉस्पिटल, भीलवाड़ा के अनुभवी चिकित्सकों डॉ. प्रियंका जैन (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. दीपक सोनी एवं डॉ.



कमलेश जैन (फिजिशियन), डॉ. वेंकटेश नाथिया (नेत्र रोग विशेषज्ञ),डॉ. सुमीत अजमेरा (शिशु रोग विशेषज्ञ) द्वारा सेवाएँ प्रदान की गई। टीपीएफ मंत्री बादल मेहता ने बताया कि लगभग 105 मरीजों ने निःशुल्क परामर्श एवं जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। शुरुआत में टीपीएफ अध्यक्ष सपना कोठारी ने पधारे हुए सभी डॉक्टर्स का स्वागत किया। शिविर को सफल बनाने में भारत विकास परिषद गंगापुर के अध्यक्ष भेरूलाल सुराना, मंत्री अखिलेश अग्रवाल, चमन जैन एवं अरिहंत हॉस्पिटल के सुखवीर बोलिया का विशेष सहयोग रहा। ?इस सेवा कार्य के दौरान प्रमोद पितलिया, कमलेश जैन, प्रीति चौरडिया सहित तेरापंथ समाज के कई सदस्य, महिला मंडल की अध्यक्ष व मंत्री, भारत विकास परिषद के सदस्य एवं लायन्स क्लब भीलवाड़ा स्टार के सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# शंभुगढ़ में खुलेगा नया सहायक अभियंता कार्यालय, ऊर्जा मंत्री ने दिया मंजूरी का आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

क्षेत्र में बढ़ती बिजली उपभोक्ताओं की संख्या और ग्रामीण इलाकों में आ रही तकनीकी व प्रशासनिक परेशानियों को लेकर अब समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद शंभुगढ़ में नया सहायक अभियंता कार्यालय खोलने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने बताया कि विधायक जब्बर सिंह साँखला ने विधानसभा में ऊर्जा विभाग से संबंधित प्रश्न उठाते हुए आसींद क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

विधायक साँखला ने कहा कि आसींद सहायक अभियंता कार्यालय में वर्तमान में 52,425 से अधिक उपभोक्ता जुड़े हुए हैं, जिससे अधिकारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने मापदंडों में शिथिलता बरतते हुए शंभुगढ़ एवं ब्राह्मणों की सरेरी में नवीन सहायक अभियंता कार्यालय खोलने की



मांग रखी। ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि शंभुगढ़ में नया सहायक अभियंता कार्यालय खोलने का प्रस्ताव विभाग द्वारा तैयार कर लिया गया है। प्रस्ताव को वित्त विभाग की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा और मंजूरी मिलते ही कार्यालय खोलने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। वहीं, ब्राह्मणों की सरेरी में वर्तमान मापदंडों के अनुसार उपभोक्ताओं की संख्या पर्याप्त नहीं होने के कारण फिलहाल वहां कार्यालय खोलना प्रस्तावित नहीं है। हालांकि मंत्री ने इस विषय पर पुनः विचार कराने की बात भी कही।

विधायक साँखला ने कहा कि शंभुगढ़ में नया कार्यालय खुलने से हजारों उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र में विद्युत सेवाएं अधिक सुचारु होंगी।

# जन्म-मरण से मुक्ति का मार्ग है आध्यात्मिक जीवनः सुकन मुनि

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ आसींद के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में श्रमण संघ के प्रमुख संत प्रवर्तक सुकन मुनि महाराज ने कहा कि जन्म, जरा, रोग और मृत्यु जीवन के अटल सत्य हैं, जिनसे कोई नहीं बच सकता। उन्होंने बताया कि जन्म से मृत्यु तक का जीवन कष्टों से जुड़ा है, इसलिए आत्मचिंतन और धर्ममार्ग ही शांति का मार्ग है। उपप्रवर्तक अमृत मुनि महाराज ने कहा कि शरीर और आत्मा का भेद न समझने से मनुष्य भौतिक जीवन में आसक्त हो जाता है, जबकि आध्यात्मिक जीवन अपनाने वाला व्यक्ति जन्म-मरण के भय से मुक्त



हो सकता है। संत महेश मुनि, संत अखिलेश मुनि एवं डॉ. वरुण मुनि ने कहा कि दुनिया आलोचना करती है, फिर भी व्यक्ति को सत्पथ नहीं छोड़ना चाहिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शाहपुरा की फड़ कला की गूंज TEDx मंच पर, शांतिलाल जोशी ने आधुनिक युग में परंपरा बचाने का दिया प्रेरक संदेश


**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी।** तेज़ी से बदलते समय और आधुनिक जीवनशैली के बीच जहां परंपरागत कलाएं हाशिये पर जाती दिख रही हैं, वहीं शाहपुरा की सदियों पुरानी फड़ चित्रकला को नई पहचान दिलाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार शांतिलाल जोशी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय लोककला का परचम लहराया। उन्होंने TEDx मंच से अपने व्याख्यान में यह स्पष्ट संदेश दिया कि 'परंपरागत कला केवल चित्र नहीं, बल्कि पीढ़ियों की विरासत और समाज की आत्मा है। '

अपने संबोधन में शांतिलाल जोशी ने कहा कि फड़ चित्रकला लोकदेवताओं, वीर गाथाओं और धार्मिक कथाओं का जीवंत इतिहास है। यह कला केवल रंगों से नहीं, बल्कि कथावाचन और लोकसंस्कृति से जुड़ी हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि आज की पीढ़ी इस कला को नहीं अपनाएगी, तो आने वाले समय में यह केवल किताबों में सिमटकर रह जाएगी।

उन्होंने बताया कि महज सात वर्ष की उम्र में उन्हें फड़ परंपरा में दीक्षा मिली थी और तभी से उन्होंने इस कला को अपना जीवन बना लिया। उन्होंने इसे केवल पेशा नहीं, बल्कि साधना माना। वर्षों की मेहनत और समर्पण के कारण आज उनकी पहचान देश ही नहीं, विदेशों तक फैली है। सोवियत संघ (यूएसएसआर) उत्सव, सूरजकुंड मेला और एशियाड आर्ट गैलरी जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उन्होंने भारत की लोककला को गौरवान्वित किया।

शांतिलाल जोशी को वर्ष 1991 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके साथ ही उन्हें कला श्री सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिले हैं। उनकी बनाई फड़ पेंटिंग्स



दिल्ली के क्राफ्ट्स म्यूजियम, प्रगति मैदान और आमेर किले जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में संरक्षित हैं, जो उनकी कला की स्थायित्व और महत्ता को दर्शाती हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान समय में फड़ चित्रकला के पूर्णकालिक कलाकारों की संख्या बीस से भी कम रह गई है। ऐसे में इस कला को बचाने की जिम्मेदारी समाज और सरकार दोनों की है। उन्होंने कहा कि जब तक पारंपरिक कला को आजीविका से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक युवा पीढ़ी इससे नहीं जुड़ेगी। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करने और लोककला को शिक्षा से जोड़ने पर भी जोर दिया।

TEDx मंच से दिया गया उनका यह संदेश शाहपुरा के लिए गौरव का विषय बन गया है। यह सिद्ध हो गया कि छोटे से कस्बे की लोककला भी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सकती है, यदि उसमें सच्ची साधना और समर्पण हो।

शाहपुरा की माटी में जन्मी फड़ चित्रकला आज भी शांतिलाल जोशी की कूची से जीवंत है। उनका जीवन और संदेश आने वाली पीढ़ियों को यह सीख देता है कि आधुनिकता की दौड़ में अपनी जड़ों को भूलना नहीं, बल्कि उन्हें सहेजकर आगे बढ़ाना ही सच्चा विकास और सच्ची संस्कृति है।

## QUICK BITES

### नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की कार्यकारिणी का हुआ गठन , वीणा मोदी बनी अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



नगर माहेश्वरी महिला संस्थान की चुनाव चयन प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण व निर्विरोध माहौल में सम्पन्न हुई, जिसमें वीणा मोदी को अध्यक्ष, विनीता तोषनीवाल को सचिव, निशा सोनी को कोषाध्यक्ष एवं नीलम दरगड़ को संगठन मंत्री पद पर सर्वसम्मति से चुना गया।

नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने बताया कि यह प्रक्रिया जिला माहेश्वरी महिला संस्थान के तत्वावधान में चुनाव पर्यवेक्षक संध्या आगीवाल एवं चुनाव अधिकारी अर्चना बिड़ला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं महेश वंदना से हुई।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया, जिला सचिव भारती बाहेती, सोनल माहेश्वरी, स्नेहलता तोषनीवाल, जतन हिंगड़, राखी राठी व अंजू सोमानी सहित कई सदस्याएँ उपस्थित रहीं। अंत में सचिव सोनल माहेश्वरी ने आभार व्यक्त किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत से की पूरावत ने मुलाकात, संगठनात्मक मुद्दों पर हुआ संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ः**



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव भूपेंद्र सिंह पुरावत ने जयपुर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान पूरावत ने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन की स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया। पुरावत ने बताया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने एवं जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ। उन्होंने गहलोत से मार्गदर्शन प्राप्त कर क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने का संकल्प व्यक्त किया।

मुलाकात के दौरान राजनीतिक परिदृश्य सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई। पुरावत ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### अफीम जैसे दिखते हैं ये फूल, असल में है 'बिजली' की उन्नत खेती

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



नेशनल हाईवे 758 स्थित क्षेत्र के खेतों में इन दिनों सफेद फूलों की चादर बिछी नजर आ रही है। दूर से देखने पर ये फूल अफीम (काले सोने) की खेती जैसे प्रतीत होते हैं, जिससे राहगीर भी एक पल के लिए भ्रमित हो जाते हैं।

क्षेत्र के किसान भेरूपुरी गोस्वामी के खेत के पास से गुजरने वाले लोग अक्सर रुककर कहते नजर आते हैं कि 'देखो, अफीम की खेती लहलहा रही है।' हालांकि यह केवल भ्रम है। ये सफेद फूल अफीम नहीं, बल्कि 'बिजली' नाम की उन्नत किस्म के फूल हैं, जिनकी चमक और बनावट अफीम के फूलों से मिलती-जुलती है। कृषिका मीरा देवी ने बताया कि बिजली किस्म के इन फूलों की बुवाई नवंबर-दिसंबर में की जाती है। वर्तमान में खेतों में इनकी बहार है और अप्रैल तक इनका सीजन समाप्त हो जाएगा। यह फसल महज दो से तीन महीनों की अवधि में तैयार हो जाती है।

किसान बद्री लाल माली ने बताया कि बिजली किस्म के उन्नत बीज अजमेर में भी उपलब्ध हैं, लेकिन उच्च गुणवत्ता के बीज मध्यप्रदेश के रतलाम से लाए जाते हैं। इन बीजों की कीमत सामान्य बीजों की तुलना में अधिक होती है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में बाजार में बिजली फूलों का भाव लगभग 100 से 120 रुपये प्रति किलो चल रहा है। सफेद रंग की चमक और खेतों में फैली इनकी आभा लोगों का मन मोह रही है।

### सनातन मंगल महोत्सव को लेकर मानव अधिकार परिषद ने लिया आशीर्वाद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के पदाधिकारियों ने भीलवाड़ा स्थित हरी सेवा उदासीन आश्रम पहुंचकर पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जिलाध्यक्ष मनीष बंब और संरक्षक हेमंत कोठारी ने 19 से 26 फरवरी तक आयोजित 'सनातन मंगल महोत्सव' की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में नैतिकता, सेवा और सद्भाव को मजबूत करते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने सेवा और मानव कल्याण को सनातन संस्कृति का मूल बताते हुए नगरवासियों से महोत्सव में अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया।इस अवसर पर परिषद के कई पदाधिकारी एवं आश्रम के संत-सेवक उपस्थित रहे।

### अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई, एक ट्रैक्टर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( **सांवर वैष्णव** ):- बड़लियास थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया । थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि थाना क्षेत्र के गेंदलिया व भाकलिया के बीच में अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया । ट्रैक्टर को फिलहाल थाने में खड़े करवाकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की है ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।